**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 13.11.2025 समय : 1905

<><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – ऋण गारंटी योजना से वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा, सुचारू व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित होगा तथा भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी।
2. 13वें अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट में भाग लेने के लिए अंडमान टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के तीन सदस्य द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज सिक्किम के लिए रवाना हुए।
3. राज्यसभा सांसद और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पी. टी. उषा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के दौरे पर हैं।
4. भारतीय प्राणी सर्वेक्षण परिसर में "द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्रों की तटीय और समुद्री जैव विविधता के संरक्षण और सतत प्रबंधन" पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना की मंजूरी से वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और सुचारू व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित होगा तथा भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। श्री मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की सराहना करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि निर्यात संवर्धन मिशन–ईपीएम, निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार करेगा और एम एस एम ई, पहली बार निर्यात करने वाले तथा श्रम–प्रधान क्षेत्रों की मदद करेगा। इससे पहले, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यातकों के लिए एक नई ऋण आश्वासन योजना को मंजूरी दी है, जो एमएसएमई सहित निर्यातकों को शत–प्रतिशत ऋण का आश्वासन प्रदान करती है। यह योजना बीस हज़ार करोड़ रूपए तक का अतिरिक्त ऋण प्रदान करेगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य भारत को एक लाख करोड़ रूपए के निर्यात लक्ष्य का समर्थन करना और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना है।

<><><><><><>

13वें अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट में भाग लेने के लिउ अंडमान टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के तीन सदस्य जिनमें आटो के अध्यक्ष एम. विनोद, संयुक्त सचिव सैकत बिस्वास और कार्यकारी समिति सदस्य भुगनेश्वरी द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज सिक्किम के लिए रवाना हुए। AATO के सदस्यों की भागीदारी को एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया द्वारा सुगम और नामांकित किया गया है। इस अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट का उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों की समृद्ध पर्यटन क्षमता को उजागर करना, क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और पर्यटन हितधारकों, खरीदारों और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच बातचीत के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करना है। ए ए टी ओ के अध्यक्ष एम. विनोद ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करने के लिए ए डी टी ओ आई और पर्यटन मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब ने आज "विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनावी प्रक्रिया" पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र और अध्यापकों के बीच चुनावी प्रक्रिया के महत्व और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण गतिविधियों के बारे में समझ बढ़ाना था। नोडल अधिकारी डॉ. एन. बालकृष्णन ने मतदान के अधिकार और एस आई आर के महत्व पर बहुमूल्य जानकारी दी। राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक, राजा राम और सेंथिल ने प्रतिभागियों को मतदाताओं के लिए पात्रता मानदंड, गणना प्रक्रिया की विस्तृत व्याख्या, गणना फॉर्म भरने की प्रक्रिया का प्रदर्शन और मतदाता पहचान पत्र में सुधार, नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया के बारे में शंकाओं का समाधान किया। सत्र में सक्रिय मतदाता भागीदारी, मतदान के अधिकार और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मज़बूत बनाने में नागरिकों की ज़िम्मेदारी के महत्व पर ज़ोर दिया गया।

<><><><><><>

राज्यसभा सांसद और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पी. टी. उषा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के दौरे पर हैं, उन्होंने कल द्वीप समूह के खिलाड़ियों के साथ बातचीत की। अंडमान और निकोबार राज्य ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों, ने डॉ. उषा का स्वागत किया और द्वीप समूह के खेल समुदाय के लिए उनके आगमन और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. उषा ने अपने शानदार एथलेटिक करियर के बहुमूल्य अनुभव साझा किए और सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, दृढ़ता और निरंतर प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की खेल क्षमता की सराहना की और एथलीटों को आगामी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए नए समर्पण के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि भारतीय ओलंपिक संघ द्वीप समूह के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में हर संभव सहयोग देगा।

<><><><><><>

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, अंडमान और निकोबार क्षेत्रीय केंद्र की ओर से भारतीय प्राणी सर्वेक्षण परिसर में "द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्रों की तटीय और समुद्री जैव विविधता के संरक्षण और सतत प्रबंधन" पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन वन एवं वन्यजीव संरक्षक, आई एफ एस डॉ. दिनेश कन्नन ने किया। अपने संबोधन में, डॉ. कन्नन ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की नाजुक और अनूठी जैव विविधता की सुरक्षा के लिए सभी सरकारी विभागों और हितधारकों के बीच सामूहिक और समन्वित प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये द्वीप समूह देश के चार मान्यता प्राप्त जैव विविधता हॉटस्पॉट में से एक हैं और भारत की पारिस्थितिक और पर्यावरणीय सुरक्षा के अभिन्न अंग हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पहलों पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. कन्नन ने जैव विविधता संरक्षण, आवास पुनर्स्थापन और तटीय एवं समुद्री पारिस्थितिक तंत्रों के सतत प्रबंधन पर केंद्रित चल रहे कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के अतिरिक्त निदेशक, डॉ. शिवपेरुमन ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में विशेषज्ञ व्याख्यान और क्षेत्र–आधारित शिक्षण सत्र शामिल हैं, जिनका उद्देश्य द्वीप पारिस्थितिक तंत्रों में प्रभावी जैव विविधता प्रबंधन के लिए तकनीकी क्षमता, ज्ञान साझाकरण और सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ाना है। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों और संगठनों के 25 प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

<><><><><><><>

नगरपालिका सीमा के भीतर पार्किंग और भातूबस्ती कॉम्प्लेक्स की 02 दुकानों के आवंटन के लिए ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रित की गई है। ई–निविदा के नियम व शर्तों वाले निविदा दस्तावेज़ वेबसाइट eprocure.andamannicobar.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। पार्किंग ई–निविदा के लिए वेबसाइट 14 नवम्बर शाम 4 बजे से आठ दिस्मबर शाम तीन बजे तक खुली रहेगी और उसी दिन शाम 4 बजे निविदाकर्ताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी जबकि, दुकनों के लिए ई–निविदा वेबसाइट 14 नवम्बर शाम 4 बजे से पांच दिस्मबर शाम तीन बजे तक खुली रहेगी और निविदा उसी दिन शाम 4 बजे निविदाकर्ताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी।

<><><><><><><>

पुरुषों और महिलाओं के लिए ओपन बास्केटबॉल चैंपियनशिप" के आयोजन की तिथि अब इक्कीस और बाईस नवम्बर को दोपहर साढ़े तीन बजे से आयोजित होगी। सरकारी, निजी स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों, संगठनों और युवा क्लबों की इच्छुक टीमें टूर्नामेंट में निःशुल्क भाग लेने के लिए इक्कीस नवम्बर दोपहर 3 बजे से पहले बास्केटबॉल कोर्ट, नेताजी स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उपस्थित रहें। मैच का ड्रा दोपहर तीन बजकर पन्द्रह मिनट पर होगा और उद्घाटन मैच दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। अधिक जानकारी के लिए फ़ोन नंबर 9434270758 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>